# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक : एफ2(1406)/सूप्रौ/संस्था/13/z/23543/2014 जयपुर दिनांक 17/09/2014

### संशोधित कार्यालय आदेश

विभागीय समसख्यंक आदेश क्रमांक 229828/2014 दिनांक 05.09.2014 के द्वारा भामाशाह नामांकन शिविरों में हुए नामांकन की गुणवत्ता की जांच भौतिक सत्यापन द्वारा करने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों की टीमें गठित कर उनके सम्मुख लिखित जिले आवंटित किये जाकर आदेश जारी किये गये थे। उक्त जारी आदेश की निरन्तरता में क्र.स. 12 पर अंकित अधिकारी / कर्मचारी की डयूटी संशोधानुसार निम्नानुसार लगायी जाती है:—

| क्र. स. | नाम टीम अधिकारी मय पद | कर्मचारी का नाम मय पद | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री विश्वास गुप्ता, एनालिस्ट—कम—प्रोग्रामर (डीडी), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर | श्री नितिन शर्मा, प्रोजेक्ट सूचना सहायक, UTIITSL, Jaipur | कोटा, बूंदी, टोंक |

- अधिकारी/कर्मचारी अपने आवंटित जिलों में माह में कम से कम दो बार भ्रमण कर भामाशाह नामांकन की भौतिक जांच कर प्रगति प्रतिवेदन संलग्न प्रपत्र में नियमित रूप से प्रभारी अधिकारी, यू.आई.डी. प्रोंजेक्ट श्री हसंराज यादव, अतिरिक्त निदेशक को प्रस्तुत करेंगें।
- अधिकारी आवंटित जिले के ए.सी.पी./प्रोग्रामर एवं सांख्यिकी विभाग के जिला सांख्यिकी/ब्लॉक अधिकारी सम्बन्धित टीम प्रभारी से समन्वय स्थापित कर भौतिक सत्यापन में सहयोग करेंगे।
- टीम अधिकारी/कर्मचारी भामाशाह में नामांकित व्यक्तियों / परिवारों से व्यक्तिशः सम्पर्क कर उनके द्वारा आवदेन पत्र में दी गई विभिन्न जानकारियों का भौतिक सत्यापन करेंगे।
- श्री हंसराज यादव, प्रभारी अधिकारी, यू.आई.डी. प्रोजेक्ट द्वारा भौतिक सत्यापन दल को संबंधित जिले से संबंधित नामांकन संबंधी आवश्यक रिकॉर्ड/दस्तावेज उपलब्ध करवाये जायेगे।
- भौतिक सत्यापन टीमों को जिलों में भ्रमण हेतु वाहन राजकॉम्प द्वारा उपलब्ध करवाये जायेंगे।
- टीम प्रत्येक भ्रमण के दौरान जिला कलक्टर से आवश्यक रूप से मुलाकात करें तथा नामांकन संबंधी गुणवत्ता की रिपोर्ट से अवगत करावें।

उपर्युक्त टीम नियमित रूप से आवंटित जिलों में भ्रमण कर गुणवत्तापूर्ण भौतिक सत्यापन किया जाना सुनिश्चित करें।

**आज्ञा से,**

**संलग्नः उपर्युक्तानुसार।**

**(आशुतोष एम. देशपाण्डे)**
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. वरिष्ठ निजी सहायक, शासन सचिव एवं आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. संबंधित जिला कलक्टर।
3. निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, योजना भवन, जयपुर।
4. निदेशक (तकनीकी), राजकॉम्प इन्फों सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि उपर्युक्तानुसार गठित टीम को आवश्यकतानुसार वाहन उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. महाप्रबन्धक, राजकॉम्प इन्फों सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्तानुसार गठित टीम को आवश्यक रिकॉर्ड/दस्तावेज उपलब्ध करवायें।
6. प्रभारी अधिकारी, यू.आई.डी. प्रोजेक्ट, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर
7. संबंधित एनालिस्ट—कम—प्रोग्रामर (उप निदेशक) / जिला सांख्यिकी अधिकारी, जिला कलक्टर कार्यालय को प्रेषित कर लेख है कि भौतिक सत्यापन टीम का आवश्यक सहयोग प्रदान करें।
8. संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को पालनार्थ।
9. निजी/रक्षित पत्रावली।

**प्रभारी अधिकारी, संस्थापन**

# भामाशाह नामांकन
## भौतिक सत्यापन गुणवत्ता जाँच रिपोर्ट

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिकारी का नाम | | आवंटित जिला | |
| ब्लॉक | | नामांकन एजेन्सी का नाम | |

**निरीक्षण दिनांकः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | गांव का नाम | |
| 2 | भौतिक सत्यापनों की संख्या | |
| 3 | पूर्ण त्रुटि रहित नामांकन | |
| 4 | कुल त्रुटियॉ जो पायी गई | |
| 5 | प्रति नामांकन औसत त्रुटियॉ | |
| 6 | भ्रमण के दौरान यदि ब्लॉक / जिला स्तरीय अधिकारी से मुलाकात की हो तो उनके नाम | |
| 7 | विशेष विवरण / टिप्पणी यदि कोई होः– (यथा लाभार्थियों को शिविर में लगने वाला समय, शिविर में नामांकन संबंधी कठिनाई, त्रुटियॉं किस तरह की है, त्रुटियॉं किसके स्तर पर हो रही है–सत्यापक/ऑपरेटर, यूआईडी मिल रही है अथवा नही, नामांकन फार्म, फोटो स्टेट आदि की उपलब्धता आदि–आदि)। | |